पत्रांकः– NULM-PMC/001/SEP-Comm./2015-16/........18 /न.वि.एवं आ.वि.

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक:

संयुक्त सचिव –सह– निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार सरकार

सेवा में,

निदेशक,
सभी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETIs)
बिहार

पटना, दिनांक ....13/01/16.

विषयः- **राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम (SEP) घटक के लाभुकों को लाभप्रद स्वरोजगार उद्दम / सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने हेतु RSETIs स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने के सम्बन्ध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) योजना राज्य के 42 नगर निकायों में, जिसकी आबादी 1 लाख से ऊपर है या जिला मुख्यालय में स्थित है, में कार्यान्वित की जा रही है ।

NULM योजना के स्वरोजगार कार्यक्रम (SEP) घटक के अन्तर्गत शहरी गरीबों के ऐसे एकल अथवा समूहों जो अपने हुनर, अभिक्षमता एवं स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप लाभप्रद स्वरोजगार उद्दम या सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने के इच्छुक है, को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है । इस संबंध में State Level Bankers Committee (SLBC) की बैठक में दिनांक 20.05.2015 को यह निर्णय लिया गया है कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) शहरी क्षेत्रों के लाभान्वितों को भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगें ।

इस क्रम में आपसे अनुरोध है कि NULM के अन्तर्गत SEP घटक के लाभुकों को RSETIs स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन कराने की कृपा की जाए, ताकि प्रशिक्षण के उपरान्त लाभुक स्वरोजगार उद्दम या सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने में सक्षम हो सके ।

RSETIs के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के लाभुकों को प्रशिक्षण देने हेतु वहन की गई राशि का भुगतान सम्बंधित नगर निकाय के द्वारा NULM के SEP घटक के अन्तर्गत किया जाएगा | भुगतान हेतु RSETs के द्वारा निकायों को विपत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा |

विश्वासभाजन

ह० 13/1/16

संयुक्त सचिव -सह- निदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक: NULM-PMC/001/SEP-Comm/2015-16/........18........ **दिनांक** ...13/01/16

प्रतिलिपि: नगर आयुक्त, सभी नगर निगम/ नगर कार्यपालक पदाधिकरी, नगर परिषद/नगर पंचायत (सभी NULM शहर)/ सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, भारतीय स्टेट बैंक, 5वां तल्ला, गाँधी मैदान, पटना/ संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC)/ सभी अग्रणी जिला प्रबंधक बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

13/1/16

संयुक्त सचिव -सह - निदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग